दैनिक जागरण, भोपाल
30 JAN 2015

# गांधी चंदन, गीता सुवास

*महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टाइन ने महात्मा गाँधी के बारे में कहा था कि आने वाली पीढ़ियाँ शायद यह विश्वास नहीं कर पायेंगी कि इस तरह का कोई हाड़-मांस का व्यक्ति इस पृथ्वी ग्रह पर रहा होगा।*

महात्मा गाँधी थे ही ऐसे। उनकी महानता को भारत ही नहीं पूरे विश्व में माना जाता है। विश्व के महापुरुषों ने महात्मा गाँधी की प्रशंसा में इसी तरह की बातें कही हैं। मार्टिन लूथर किंग ने कहा था कि गाँधी इतिहास के सम्भवतः पहले व्यक्ति हैं, जिन्होंने ईसा की प्रेम धारणाओं को व्यक्तियों के परस्पर संबंधों से उठाकर बड़े पैमाने पर एक प्रभावकारी शक्ति बना दिया। बेंथम और मिल, मार्क्स और लेनिन तथा हाब्स, रूसो और नीत्से से मुझे जो संतोष प्राप्त नहीं हुआ, वह गाँधी से प्राप्त हुआ।

महात्मा गाँधी को महान बनाने में श्रीमद्भगवद गीता की महत्वपूर्ण भूमिका रही। महात्मा गाँधी ने सभी धर्मों के ग्रंथों का गहन अनुशीलन किया और सबकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारा, परंतु गीताजी को वे अपनी माँ और जीवन का संदर्भ-ग्रंथ मानते थे। गीता पाठ उनकी दिनचर्या का अभिन्न अंग था। गाँधीजी धर्म-ग्रंथों को जानने और मानने से अधिक जीवन में उतारने पर विश्वास करते थे। उन्होंने ग्रंथों की शिक्षाओं को जीवन में उतारकर यह सिद्ध कर दिया कि साधारण व्यक्ति भी आचरण के बल पर महापुरुष बन सकता है।

महात्मा गाँधी मानते थे कि मनुष्य में सुप्त दैविक सम्पदाओं को सत्यनिष्ठता की साधना से जगाकर उसे जीवन को सच्चे अर्थों में इसकी परिपूर्णता में जीने के योग्य बनाया जा सकता है। इसके माध्यम से मनुष्य देवत्व को प्राप्त हो सकता है। महात्मा गाँधी गीता जी की स्थितप्रज्ञ की अवधारणा से सबसे अधिक प्रभावित थे। स्थितप्रज्ञ व्यक्ति हर्ष की स्थिति में हर्षित नहीं होता और दुख की स्थिति में दुखी नहीं होता। वह हार-जीत, मान-अपमान, सुख-दुख, सर्दी-गर्मी, लाभ-हानि आदि किसी भी स्थिति में अपने चित्त को सम रखता है। महात्मा गाँधी ने राजनीति को नई परिभाषा दी। उन्होंने इसे आध्यात्म से जोड़कर जन-कल्याण के साथ-साथ आत्म-शुद्धि तथा आत्म-कल्याण का साधन बना लिया। उन्होंने स्वयं लिखा है कि मेरा चरम ध्येय आत्मा का मोक्ष है। मेरी देश-सेवा उसी मोक्ष की साधना है। महात्मा गाँधी बाहर और भीतर की शुद्धि और स्वच्छता पर विशेष रूप से जोर देते थे। उन्होंने भारत में स्वच्छता को बढ़ाने का आव्हान किया। उनकी इसी भावना को मूर्त रूप देते हुए हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की है। हर एक भारतीय अपने घर, गली, आँगन, गाँव और शहर को स्वच्छ रखने में सक्रिय भागीदारी करे, यह भी महात्मा गाँधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।मेरी मान्यता है कि हरेक व्यक्ति को गीताजी का अध्ययन करना चाहिये। यह ग्रंथ किसी व्यक्ति, धर्म या समुदाय विशेष के लिये नहीं, बल्कि प्रत्येक मानव के लिये है। गाँधीजी पर गीता के गहरे प्रभाव को देखते हुए हम कह सकते हैं कि गाँधीजी अगर चंदन हैं, तो गीता उसकी सुवास। महात्मा गाँधी की पुण्य-तिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन।

शिवराज सिंह चौहान
( लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। )